कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मम्मी- बेटा जरा पापा को बुलाना
बेटा पापा से- चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है
पापा- जय माता दी...।

सार संक्षेप

सिखों को तर्क के साथ बेखौफ सच बोलने के लिए प्रेरित करता है जफरनामह : जीके

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। चमकौर साहिब के युद्ध के बाद गुरु गोबिन्द सिंह द्वारा मुगल बादशाह औरंगजेब को फारसी भाषा में लिखे गए ताड़ना पत्र जफरनामह का पंजाबी अनुवाद बुधवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके व अन्य को भेंट किया गया। जफरनामह का अनुवाद कर उसे पुस्तक का रूप प्रसिद्ध पंथ प्रचारक ज्ञानी गुरबख्श सिंह गुलशन ने दिया है। गौरतलब है कि बीते दिनों श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी गुरबचन सिंह और दरबार साहब के मुख्यग्रंथी ज्ञानी जगतार सिंह द्वारा उक्त पुस्तक का लोकार्पण किया गया था। जीके ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह ने औरंगजेब के जुल्मी राज को जफरनामह के जरिये बेनकाब किया था, जिसके बाद औरंगजेब को अपनी गलती का अहसास भी हुआ था। जफरनामह सिखों को तर्क के साथ बेखौफ सच बोलने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के पूर्व वाइस चांसलर डॉ. जसपाल सिंह, बाबा अमर सिंह, धर्मप्रचार कमेटी के चेयरमैन परमजीत सिंह राणा, मुख्य सलाहकार कुलमोहन सिंह व गुरुद्वारा बंगला साहिब के मुख्यग्रंथी ज्ञानी रणजीत सिंह ने गुलशन द्वारा की गई मेहनत की सराहना की।

पांच लाख रुपए से ज्यादा बकाएदारों की संपत्तियां निगम ने की सील

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने पांच लाख रुपए से ज्यादा बकाया संपत्तिकर वाली संपत्तियों के खिलाफ सीलिंग अभियान की शुरुआत की है। बुधवार दिन में निगम की ओर से चलाए गए अभियान में गांधीनगर में तीन और महिला कॉलोनी में एक संपत्ति को सील कर दिया। इन संपत्तियों पर पांच लाख से ज्यादा का संपत्ति कर बकाया था और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी कर जमा नहीं कराया गया। निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन की ओर से बृहस्पतिवार को लक्ष्मीनगर क्षेत्र में सीलिंग अभियान चलाया जाएगा।

संसद का शीतकालीन सत्र हंगामेदार रहने की संभावना

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। इस वर्ष शुक्रवार से शुरू हो रहे संसद का शीतकालीन सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है। विपक्षी पार्टियां सरकार को राफेल, अर्थव्यवस्था पर जीएसटी(वस्तु एवं सेवा कर) व नोटबंदी के बुरे प्रभाव, किसानों की दुर्दशा व धार्मिक असिहष्णुता पर घेरने की तैयारी में हैं। गुजरात चुनाव की वजह से देरी से शुरू हो रहे सत्र पर गुजरात व हिमाचल प्रदेश के नतीजे का भी असर होगा। अगर भाजपा गुजरात व हिमाचल प्रदेश में जीत दर्ज करती है तो कांग्रेस के नए अध्यक्ष राहुल गांधी को चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों पर भाजपा को घेरना मुश्किल हो जाएगा, लेकिन अगर कांग्रेस हिमाचल में हारने के बाद भी गुजरात में जीत दर्ज करती है तो, विपक्षी पार्टी ऐसे मुद्दे उठा सकती है, जो राजनीतिक तापमान बढ़ाएंगे।
एक माह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र प्राय- नवंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होता है और क्रिसमस से पहले समाप्त हो जाता है। इस वर्ष शीत सत्र 15 दिसंबर से पांच जनवरी तक चलेगा। क्रिसमस की वजह से 25 व 26 दिसंबर को छुट्टी रहेगी। कांग्रेस की अगुवाई में 17 अन्य विपक्षी पार्टियां एक साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को घेरने की कोशिश करेंगी।

छत्तरपुर व सुलतानपुर गांव में शीघ्र होगा सीवर की समस्या का समाधान

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तरपुर गांव और सुलतानपुर गांव में जगह जगह सीवर ओवरफ्लो होने के चलते गंदा पानी न सिर्फ गली मोहल्लों में इकट्ठा हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को बढ़ा रहा है। साथ ही लोगों को भी आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता के साथ इन गांवों का निरीक्षण करने पहुंचे स्थानीय सांसद रमेश बिधूड़ी ने इलाके में सीवर की नई लाइन बिछाने के लिए अपने एमपी लैड फण्ड से राशि देने की घोषणा की। बिधूड़ी ने कहा कि नई सीवर लाइन बिछ जाने से सीवर की समस्या का समाधान होगा और स्थानीय निवासियों को गंदगी से राहत मिलेगी।

गुप्ता और बिधूड़ी ने इस वार्ड में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया और लोगों से इन सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछताछ भी की। गांवों के निरिक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि यहां प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने के चलते बड़ी बड़ी सड़कों पर भी अंधकार की समस्या बरक़रार है। वहीं, निगम क्षेत्र में कुछ एलईडी लाइट खराब पाई गई। गुप्ता ने निगम अधिकारियों से खराब लाइटों को तुरंत ठीक कराने और जहां कही जरूरत हो वहां नई लाइटें लगवाने के निर्देश दिए। गुप्ता ने कहा कि इन गांवों में जल्द से जल्द समुचित प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए, क्योंकि अंधकार में अपराध की आशंका बनी रहती है। उनके साथ स्थानीय पार्षद अनिता तंवर, इंजीनियरिंग इन चीफ उमेश सचदेवा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

प्रेम सिंह के निधन से कांग्रेस को हुआ नुकसान

■ अन्तिम दर्शन के लिए चौ प्रेम सिंह का पार्थिव शरीर राजीव भवन में रखा गया

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व दिल्ली विधान सभा के पूर्व स्पीकर चौ. प्रेम सिंह का निधन कल रात को हो गया था। वे 84 वर्ष थे। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं की मौजूदगी में निगम बौध घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। उनके बडे सुपुत्र प्रमोद चौधरी ने उनको मुखाग्नि देकर अन्तिम संस्कार किया। इससे पूर्व चौ. प्रेम सिंह के पार्थिव शरीर को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में अन्तिम दर्शन के लिए रखा गया था, कांग्रेसी नेताओं ने उनकों श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सांसद सज्जन कुमार, महाबल मिश्रा तथा रमेश कुमार ने फूलचक्र के साथ चौ. प्रेम सिंह सिंह को श्रद्धांजलि दी। अजय माकन ने चौ प्रेम सिंह के पार्थिव शरीर को कांग्रेस के झण्डे में लपेटकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

नाले में गिरने से बच्ची की मौत मामले में पर्यावरण सहायक निलंबित

सफाई निरीक्षक व सहायक सफाई निरीक्षक को जारी किया कारण बताओं नोटिस

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। मौजपुर इलाके में स्थित नाले में गिरने से बच्ची की मौत की जांच के लिए पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति बच्ची की मुत्यु और दुर्घटना के कारणों की जांच करने के साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों तथा कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय करेगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों सब्जी मंडी, मौजपुर के पास स्थित नगर निगम प्राथमिक विद्यालय के द्वार के समीप नाले में गिरने के कारण दो वर्ष की बच्ची की मौत हो गई थी।

इसके अलावा वार्ड क्रमांक 40 के पर्यावरण सहायक को कर्तव्यों में कमी के मद्देनजर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि सफाई निरीक्षक और सहायक सफाई निरीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जांच समिति में शाहदरा उत्तरी जोन के स्वच्छता अधीक्षक प्रथम व द्वितीय के साथ सहायक अभियंता (रखरखाव) को शामिल किया गया हैं, जो अगले तीन दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट निगमायुक्त डॉ. रणबीर सिंह को सौंपेंगे। उधर, पूर्वी दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने बुधवार को महापौर नीमा भगत से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। पार्षदों ने इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, अस्पताल में हुई मौत



नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। जहांगीरपुरी इलाके में एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से ऐसी कोई चीज नही मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल, पुलिस आस-पास के थानों में संपर्क कर मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, तडक़े करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को सूचना मिली की एक युवक को भलस्वा डेयरी फ्लाई ओवर के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मृतक व्यक्ति की उम्र 30 से 35 साल के बीच की है। फिलहाल, पुलिस व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है।

अमरनाथ गुफा में भगवान शिव के जयकारे से बन्द कराना तुगलकी फरमान : यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट (हिन्दू संगठनों का समूह) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश की कड़ी भर्त्सना की है, जिसमें बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा में शिव के जयकारे लगाने और घंटियां बजाने पर रोक लगा दी गई है। फ्रंट के मुताबिक, एनजीटी ने अपने इस तुगलकी फरमान की आड़ में देश के 100 करोड़ हिन्दुओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। फ्रंट ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और एनजीटी को तत्काल भंग करने की मांग भी की है। फ्रंट के महासचिव जय भगवान गोयल ने कहा कि बाबा अमरनाथ गुफा को साइलेंट जोन बनाने का जो निर्णय थोपा गया है क्या एनजीटी ऐसा ही निर्णय किसी अन्य धर्म या सम्प्रदाय के बारे कर सकते हैं। पहले भी एनजीटी श्री वैष्णों देवी के यात्रियों की संख्या में कटौती करके उसे 50 हजार कर चुका है। उन्होंने कहा कि एनजीटी ने अपने आदेश में बाबा की गुफा तक मोबाइल ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। दुर्गम रास्तों से गुजर कर अमरनाथ गुफा पहंचने वाले श्रद्धालु अब अपने अराध्य भगवान शिव के जयकारे नहीं लगा सकेंगे और न ही घंटियां बजा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह ट्रिव्यूनल अपनी हदों को लगातार पार कर रहा है। एनजीटी को हिन्दुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने की इजाजत और नहीं दी जा सकती।

■ दिल्ली में महिला आरक्षण बिल लागू करवाने के लिए महिलाओं ने नारों से लिखी तख्तियां लेकर निकाले मार्च।

मतभेद को संवाद से सुलझाएं, न कि पुस्तक जलाकर : स्वामी अग्निवेश

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। स्वामी अग्निवेश ने कहा कि बड़े से बड़े मतभेद को संवाद अथवा शास्त्रार्थ द्वारा सुलझाया जाना चाहिए न कि सड़कों पर हिंसात्मक प्रदर्शन द्वारा, न ही किसी पुस्तक को जलाकर अथवा प्रतिबंधित कर। विश्व वेद सम्मेलन के आयोजक धर्म प्रतिष्ठान के कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में वेद सम्मेलन के अध्यक्ष स्वामी अग्निवेश ने कहा, वैदिक संस्कृति में किसी पुस्तक को जलाना अथवा हिंसात्मक प्रदर्शन से प्रतिबंधित करना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उस पर बहस होनी चाहिए, लिखकर, बोलकर, तर्क पर आधारित निर्णय करना चाहिए।

15, 16 व 17 दिसंबर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय विश्व वेद सम्मेलन का उद्घाटन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू करेंगे। उद्घाटन समारोह 15 दिसंबर को सुबह नौ बजे तथा समापन समारोह 17 दिसंबर दोपहर दो बजे पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी करेंगे।

क्या अंबेडकर द्वारा मनुस्मृति को जलाया जाना उचित था? प्रश्न के जवाब में स्वामी अग्निवेश ने कहा कि यह उचित नहीं था, खासकर जब अंबेडकर जी से पहले आर्य समाज के प्रवर्तक और वेदों के प्रकांड विद्वान महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने मनुस्मृति में प्रक्षिप्त होने का पर्याप्त प्रमाण दे दिया था।

उन्होंने कहा, महर्षि मनु ने कहा है, यस्तर्केण अनुसंधत्ते स धर्म, वेद नेतर, इसलिए डॉ. अंबेडकर का मनुस्मृति जलाना तो भूल था ही, उनका प्रतिक्रिया स्वरूप बौद्ध मत स्वीकार करना भी उचित नहीं था। उनके पद्चिह्नों पर चलकर जेएनयू में एबीवीपी के छात्र नेता द्वारा मनुस्मृति का जलाया जाना गलत था।

पद्मावती फिल्म पर प्रतिबंध की बात हो, तसलीमा नसरीन की पुस्तकों अथवा सलमान रुश्दी की सैटनिक वर्सेस पर प्रतिबंध की बात हो स्वामी अग्निवेश ने हमेशा ऐसे कदमों का विरोध किया है।

शालीमारबाग गोलीकांड का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

■ अपने गांव का सरपंच भी है गिरोह का सरगना
■ दिल्ली में विवादित जमीन और फ्लैट खरीदने का काम करता है आरोपी

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीते नवम्बर महीने में शालीमार बाग इलाके में एक घर पर अंधाधुंध गोलियां बरसाने वाले गिरोह का मुख्य सरगना दिल्ली से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान मुकेश शर्मा के रूप में हुई है, जो सोनीपत स्थित गांव का सरपंच भी है। गौरतलब है कि गोली बरसाने की वारदात में शामिल चार आरोपियों को, तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन सरगना मौके से फरार हो गया था। जिसे रोहिणी जिला की एएटीएस पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 15 नवम्बर को शालीमारबाग बी ब्लॉक स्थित बबीता गुप्ता के घर पर चार बदमाशों ने फॉर्च्यूनर कार से आकर रात के वक्त अधाधुंध गोलियां चलाई थी। बबीता उसके पति नवीन गुप्ता और बच्चों को जल्द से जल्द फ्लैट खाली करने की धमकी दी थी। ऐसा नहीं करने पर परिवार को गोली मारने की धमकी दी गई थी। शालीमार बाग पुलिस द्वारा वारदात में शामिल चार आरोपियों अनिल, आसिफ, मोहसिन और नूर मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से डबल बैरल गन, पिस्टल, पांच कारतूस और तीन कारतूस के खोखे समेत वारदात में इस्तेमाल फॉर्च्यूनर कार भी जब्त कर ली थी।

आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि वारदात का मुख्य सरगना मुकेश शर्मा है। अनिल, मुकेश का ही भाई है। शालीमारबाग पुलिस आरोपी को पकडऩे के लिए कई जगहों पर छापेमारी कर रही थी। इस बीच रोहिणी एएटीएस को पता चला कि मुकेश शालीमार बाग इलाके में अपना ठिकाना बनाकर छिपा है। एसीपी रूप लाल की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर लाभ सिंह, अमरजीत सिंह एएसआई बाणी सिंह, हरजीत और देवेन्द्र को आरोपी को पकडऩे का जिम्मा सौंपा गया। आरोपी को एक फ्लैट से दबोच लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि वह सोनीपत का रहने वाला है।

शालीमार बाग मामले में उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट भी निकले हुए थे। वह अपने गांव का सरपंच है। वह दिल्ली में विवादित फ्लैट व जमीन लिया करता था और अपने साथियों को मौके पर भेजकर लोगों को डरा धमकाकर कब्जा किया करता था। उसने अभी तक इस तरह से कितनी वारदातें की है। आरोपी से पता करने की कोशिश की जा रही है। शालीमारबाग मामले में भी उसने पीड़ित बबीता और उसके पति को फ्लैट खाली करने की धमकी दी थी। शुरूआत में नूर मोहम्मद को फ्लैट दे दिया था। बाद मे नूर ने फ्लैट छोड़ दिया था।

जूता फैक्टरी में आग,लाखों का सामान खाक

■ नौ घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। नरेला इलाके में बुधवार तडक़े जूता बनाने वाली एक फैक्टरी में अचानक आग लगने का मामला सामने आया है। दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। हादसे में लाखों का सामान जल कर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि कोई झुलसा नहीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शुरुआती जांच पर आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस नियंत्रण कक्ष को मंगलवार तडक़े तीन बजे नरेला के भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र स्थित सी ब्लॉक में जूता बनाने की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। नियंत्रण कक्ष से दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फैक्टरी की बिजली को कटवा दिया। हादसे में फैक्टरी में रखा लाखों का सामान जल गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। फैक्टरी ग्राउंड फ्लोर पर है, जबकि पहली और दूसरी मंजिल पर भी जूता बनाने का काम होता है। वहां ऑफिस भी है। आग लगने के वक्त वहां पर कोई नहीं था। फैक्टरी में कपड़ा और ज्वलनशील पदार्थ रखा होने के कारण आग काफी तेजी से फैली थी। आग पहली और दूसरी मंजिल पर भी लगी थी। हालांकि, मौके पर पहुंची दमकल की दो दर्जन से ज्यादा गाडिय़ों ने नौ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया अन्यथा घटना गंभीर रूप ले सकती थी।

दिल्ली में आज

■ तीन दिवसीय अर्थ मेला का आयोजन। प्रवेश निशुल्क। समय-7:00 बजे सायं से। स्थान-इटैलियन एंबेसी कल्चरल इंस्टीट्यूट। चाणक्यपुरी, नई दिल्ली।
■ द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय वाटरकलर सोसायटी की प्रस्तुति 'हारमोनी थ्रू वाटरकलर'। शुभारंभ शनिवार, समय-11:00 बजे से 7:00 बजे सायं तक, 14 दिसम्बर। स्थान-आईफैक्स गैलरी-1, रफी मार्ग, नई दिल्ली।
■ द रजा फाउंडेशन की प्रस्तुतिः संगीत कार्यक्रम का आयोजन। समय-7:00 बजे से। स्थान-कमला देवी कॉम्पलेक्स, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, लोधी एस्टेट, नई दिल्ली।
■ प्रदर्शनीः सिक्सटीन ग्रुप ऑफ कंटेम्परेरी आर्टिस्ट्स। अनिता तंवर, देवेंद्र नायक, दीपक कुमार अंबुज, धरमवीर, गिरिराज सनसनवाल, संजीव कुमार, ललित भरतिया। रविवार, शुभारंभ सत्र समय-5:30 बजे से। प्रदर्शनी का समय-11:00 बजे से 7:00 बजे के बीच 16 दिसम्बर तक। स्थान-रबिन्द्र भवन, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली।

रिपोर्ट

पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में किया जाएगा काम

स्वच्छता, स्वास्थ्य व हरियाली पर विशेष ध्यान देगी दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की पर्यावरण प्रबंधन एवं सेवाएं समिति, चिकित्सा व जन स्वास्थ्य समिति और उद्यान समितियों से संबंधित बजट प्रस्ताव बुधवार को पेश किए गए। निगम के मुताबिक, शहर में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के चलते न सिर्फ पर्यावरण का स्तर गिरता जा रहा है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य में भी गिरावट आ रही है। लिहाजा, साल 2018-19 के प्रस्तावित बजट में स्वच्छता, स्वास्थ्य और हरियाली पर विशेष जोर रहेगा।

प्रर्यावरण प्रबंधन एंव सेवाएं समिति को लेकर बजट में बताया गया कि पर्यावरण में फैलते प्रदूषण को लेकर दक्षिणी निगम पर्यावरण हितैषी (एनवायरनमेंट फ्रैंडली) वातावरण तैयार कर रहा है। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए मैकेनिकल स्वीपर प्रणाली का प्रयोग किया रहा है। स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत 12 मैकेनिकल स्वीपर मशीनें दक्षिणी निगम की सड़कों पर सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। इसके अलावा बैटरी चालित 24 लिटर पिकर मशीनों से दिन में दो बार बाजारों की सफाई की जा रही है। सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, दो प्रकार के कूड़ेदानों की व्यवस्था, कई प्रकार की मशीनों से कचरा संकलन, ठोस कचरे का संकलन और परिवहन आदि शामिल है।

इसके अलावा भविष्य की योजनाओं में तहखंड में वर्तमान लैंड फिल साइट के निकट कचरे से बिजली बनाने का संयंत्र, इंजीनियर्ड लैंड फिल साइट का निर्माण, गोबर से गैस बनाने के लिए बायोमिथेनेशन संयंत्र का निर्माण और बक्करवाला में निर्माण और विध्वंस कचरा संयंत्र (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्लॉट) स्थापित करने का प्रस्ताव है। उद्यान समिति को लेकर बताया गया कि पार्कों की बेहतर स्थिति के लिए मालियों की नियुक्ति की जाएगी, पार्कों में घास, फूल-पत्तों व टहनियों से उत्पन्न कचरे का ग्रीन वेस्ट (देशी खाद) बनाया जाएगा। साथ ही केंचुआ पालन के जरिए सर्वोत्तम तरीके की खाद बनाई जाएगी। इसके अलावा पार्कों में गजीबों व गार्डन हट और ओपन जिम लगाने की व्यवस्था जारी है। वहीं, पशु चिकित्सा विभाग बंदरों को पकड़ने की राशि को 1200 रुपए से बढ़ाकर 2400 रुपए प्रति बंदर करना चाहता है, ताकि निवासियों को बंदरों के आतंक के चलते परेशानी न हो और गैर-पालतु कुत्तों के बंध्याकरण के लिए वैनों की व्यवस्था और गैरसरकारी संस्थाओं से सहयोग लिया जाएगा।

■ दिल्ली में बेहतर स्वास्थ्य के लिए पार्कों में लगेंगे ओपन जिम

चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य समिति के बजट को लेकर निगम का कहना है कि जल जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य शिक्षा बहुत जरूरी है। इसके लिए बस स्टैंड, सड़क की रेलिग, रेडियो माध्यम, यूनपोल, मैट्रो रेल पैनल आदि मुख्य स्थानों पर प्रचार किया जाएगा। आगामी दिनों में हरकेश नगर, गोयला डेयरी, अमर कॉलोनी और किशन गढ में नए शहरी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों को खोलने के लिए विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आयुष विभाग भी अपनी सेवाओं के विस्तार की योजना बना रहा है।

लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं ने निकाली रैली

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के नवयुग स्कूल लोधी रोड की छात्राओं ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 का प्रचार करते हुए बुधवार को एक रैली निकाली। दौरान छात्राओं ने विभिन्न गलियों और सड़कों पर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्हें गीला और सूखा-कूड़ा अलग-अलग कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित किया।